**सूची जारी** | पुराने अनुभवी चेहरों के साथ युवाओं को दी गई प्राथमिकता

# भाजपा की कार्यकारिणी घोषित

**नवभारत, जबलपुर।** तमाम अटकलों के बाद आखिरकार भाजपा की कार्यकारिणी मंगलवार देर शाम को जारी कर दी गई है। भारतीय जनता पार्टी ने जबलपुर महानगर के लिए अपनी नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल की सहमति से 29 सदस्यीय पदाधिकारियों की सूची जारी की है। इस नई टीम में पुराने अनुभवी चेहरों के साथ-साथ युवाओं को भी प्राथमिकता दी गई है। वहीं सामाजिक पहलु को भी ध्यान में रखा गया है। जारी सूची के हिसाब से संगठन को मजबूती देने के लिए कुल 8 उपाध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। इनमें अभय सिंह ठाकुर, राजेश



मिश्रा, शंकर श्रीवास्तव, रजनीश यादव, योगेन्द्र राजपूत, प्रणीत वर्मा, श्रीमती अंजू भार्गव और तृष्णा चटर्जी के नाम शामिल हैं।

### इन्हें मिली महामंत्री और मंत्री पद की जिम्मेदारी

जबलपुर महानगर में संगठन की कमान संभालने के लिए पंकज दुबे और रंजीत पटेल को जिला महामंत्री नियुक्त किया गया है। वहीं, जिला मंत्रियों की सूची में अशोक रोहिताश, पंकज मिश्रा, संकल्प पाठक, कौशल सूरी, रीना राय, विभा उपाध्याय और मनीष जैन कल्लू को जगह मिली है।

### कोषाध्यक्ष

विवेक अग्रवाल ,सह कोषाध्यक्ष योगेश बिलोहा, मीडिया प्रभारी श्रीकांत साहू , सह मीडिया प्रभारी रवि शर्मा, चित्रकांत शर्मा ,सोशल मीडिया प्रभारी राहुल दुबे ,सह प्रभारी मीना मरकाम, आई.टी. प्रभारी अमित जैन ,सह प्रभारी दिव्या बाजपेई, राजेश मिश्रा को कार्यालय मंत्री बनाया गया है, जबकि कमलेश नामदेव और कुसुम चौबे को सह कार्यालय मंत्री नियुक्त किया गया है। अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने विश्वास जताया है कि यह नई टीम आगामी चुनौतियों और सांगठनिक कार्यों को और अधिक गति प्रदान करेगी। इस घोषणा के बाद से ही जबलपुर भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है।

**इनका कहना है**

भारतीय जनता पार्टी की नई कार्यकारिणी में 7 मातृशक्तियों के साथ अनुभवी व युवाओं चेहरों को मौका दिया गया है जिससे संगठन और मजबूत हो सके।

**रत्नेश सोनकर**
**जिला अध्यक्ष, भाजपा**

## शादी का झांसा देकर कॉलेज छात्रा की लूटी अस्मत

**जबलपुर।** पनागर थाना अंतर्गत महगवां में रहने वाली कॉलेज छात्रा को गांव में रहने वाले युवक ने प्रेम जाल में फंसाने के बाद शादी का झांसा देकर उसकी अस्मत लूटता रहा। जब पीड़िता के परिजन रिश्ता लेकर पहुंचे तो युवक वादे से मुकर गया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मंगलवार को प्रकरण दर्ज कर लिया है। 19 वर्ष युवती निवासी महगंवा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह कॉलेज में बीए सेकेन्ड ईयर की छात्रा है। गांव में रहने वाले समीर लोधी को बचपन से जानती है। पिछले 2 वर्षों से उसकी समीर से बातचीत हो रही थी। 12 नवम्बर 2024 को मम्मी पापा उसके मामा के घर गये हुए थे घर पर वे अकेली थी तभी समीर लोधी घर आया। शादी का झांसा देकर शारीरिक सम्बंध बनाये। इसके बाद कई बार जबरन शारीरिक सम्बंध बनाया।

# शिक्षक विहीन शासकीय स्कूलों के मामले में सरकार को जवाब के लिये मोहलत

**याचिका में दावा, 102 शासकीय स्कूल शिक्षक विहीन तो 5 सौ में सिर्फ एक या दो ही शिक्षक**

**जबलपुर।** प्रदेश के शासकीय स्कूलों में छात्र-छात्राओं का भविष्य अधर में है। दरअसल हाईकोर्ट में दायर एक जनहित याचिका में आरोप है कि जिले के 102 शासकीय स्कूल शिक्षक विहीन है, जबकि 499 स्कूलों में सिर्फ एक या दो ही शिक्षक पदस्थ है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने पिछली सुनवाई पर अनावेदकों को नोटिस जारी किये थे। मामले में मंगलवार को सुनवाई दौरान शासन की ओर से जवाब के लिये समय की राहत



चाही गई। जिस पर न्यायालय ने चार सप्ताह की मोहलत प्रदान करते हुए मामले की अगली सुनवाई 20 जनवरी को निर्धारित की है।

यह जनहित का मामला डिंडौरी निवासी लोक सिंह की ओर से दायर किया गया है। जिनकी ओर से अधिवक्ता राहुल देशमुख ने पक्ष रखा। जिन्होंने बताया कि डिंडौरी जिले के शासकीय स्कूलों में शिक्षा का स्तर अस्तित्वहीन है। क्योकि जिले के 102 शासकीय स्कूलों में एक भी शिक्षक नहीं है तो वहीं शेष अन्य 499 स्कूलों में एक या दो ही शिक्षक पदस्थ है। आवेदक की ओर से कहा गया कि जब स्कूलों में शिक्षक ही नहीं तो बच्चों की पढ़ाई कैसे संभव है, जिनसे उनका भविष्य अंधकारमय है। इतना ही नहीं राईट-टू-एजुकेशन एक्ट का भी उल्लंघन है। क्योकि उक्त एक्ट के तहत बच्चों को शिक्षा उपलब्ध कराने का प्रावधान है। मामले में प्रमुख सचिव आदिवासी कल्याण मंत्रालय, आयुक्त आदिवासी कल्याण विभाग भोपाल व डिंडौरी कलेक्टर को पक्षकार बनाया गया है।

# 17 किसानों पर 42 हजार 500 रुपये का जुर्माना

**फसल अवशेष जलाने पर कलेक्टर के निर्देश पर हुई कार्यवाही**

**नवभारत, जबलपुर।** पर्यावरण संरक्षण और वायु प्रदूषण रोकने के लिए प्रशासन ने पराली जलाने पर सख्त रुख अपनाया है। जिसको लेकर कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार अनुविभागीय राजस्व अधिकारी कुंडम ने खरीफ 2025 में धान की पराली जलाने के मामले में कुंडम तहसील के 17 किसानों पर कुल 42 हजार 500 रुपये का अर्थदंड लगाया गया है। जिसमें प्रत्येक किसान पर 2 हजार 500 रुपये का



जुर्माना लगाया गया है।आदेश में कहा गया है कि यह राशि खाद्य शाखा द्वारा उपार्जन की रकम से वसूल की जाएगी। किसानों से अपील की गई है कि वे फसल अवशेषों का वैकल्पिक तरीकों से प्रबंधन करें।

**इन किसानों पर लगा अर्थदंड**

प्रभावित किसानों में पटनाखुर्द गांव के कोमल प्रसाद लोधी, चंद्र नारायण और गोपाल लोधी, रहटा गांव के अंकुश, विजय सिंह और देवेंद्र सिंह, सहजपुरी गांव के विनोद सोनी और पंकज जैन, बघराजी के संतोष साहू, कल्याणपुर की रुकमणी बाई, डबराकला के बैजनाथधर, सुनावल के नरेश कुमार हल्दकार और रघुवीर प्रसाद, नारायणपुर के राजेश, मुरझौर के संतोष बागरी, देवरी के नरेन्द्र सिंह तथा रानीपुर के सुशील गिरी शामिल हैं।

## न्यू भेड़ाघाट में मिली सड़ी-गली लाश

**जबलपुर।** तिलवारा थाना अंतर्गत न्यू भेड़ाघाट में सड़ीगली लाश पड़ी मिली। मृतक कौन है और कहां का रहने वाला है इसका पता नहीं चल सका है पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक विजय कुमार नागदेवे 36 वर्ष निवासी रोपवे मैनेजर ग्राम लम्हेटा ने बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति का शव नर्मदा नदी के पानी में मिलने की सूचना पर वह न्यू भेड़ाघाट नर्मदा नदी किनारे जाकर देखा एक व्यक्ति का शव पानी में तैरते दिखा शव काफी पुराना लग रहा है सूचना पर मर्ग कायम कर अज्ञात मृतक उम्र 28 वर्ष की शिनाखत्गी के प्रयास जारी हैं।

# चिटलर अमित खम्परिया को जेल से उठा लाई पुलिस

**23 लाख की ठगी मामले में कोतवाली पुलिस ने रिमांड पर लिया**

**जबलपुर। करोड़ों की** धोखाधड़ी के प्रकरणों में लंबे समय से फरार चल रहे चिटलर ईनामी आरोपी अमित खम्परिया को पुलिस ने नागपुर से गिरफ्तार करने के बाद संजीवनी नगर पुलिस ने 15 दिसंबर तक रिमांड पर लिया था रिमांड खत्म होने पर उसे जेल भेज दिया गया था वहीं कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को प्रोटेक्शन वारंट पर दो दिन की डिमांड पर ले लिया। अमित ने कोतवाली थाना अंतर्गत अंधेरदेव निवासी रिटायर्ड फैक्ट्री कर्मचारी को टोल प्लाजा में




डबल मुनाफे और पार्टनरशिप का लालच देकर 23 लाख रूपए की ठगी की थी। कोतवाली पुलिस ने शिकायत पर रविवार को धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की थी जिसमें अब उसकी गिरफ्तार दर्ज हुई है। पुलिस के मुताबिक यदुवंश मिश्रा पिता स्व. बैजनाश प्रसाद मिश्रा 66 वर्ष निवासी अंधेरदेव ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वह व्हीकल फैक्ट्री जबलपुर से सेवानिवृत्त कर्मचारी है। सेवानिवृत्ति के बाद से अँधेरदेव जबलपुर में स्थित हनुमान जी के मंदिर में पुजारी है। उसका परिचय अमित खम्परिया से लगभग 8 साल पुराना है। अमित खम्परिया ने बताया था कि उसके टोल प्लाजा के काम चलते है। 2-3 बार अमित खम्परिया ने उससे कहा कि आपके पास जो भी रूपया जमा है, हमारे साथ टोल प्लाजा में पार्टनरशिप कर लो तो बैंक से कई गुना ज्यादा लाभ मिलेगा, आपकी रकम दुगनी हो जाएगी अमित खम्परिया उसे आनन-फानन में गाड़ी में बैठा कर कोआपरेटिव बैंक ले गया और बैंक से 1 अक्टूबर 2018 को तेरह लाख एनईएफटी से अमित खम्परिया के खाते में ट्रान्सफर कर दिये। दस लाख का चेक नगद निकाले जो अमित खम्परिया ने तत्काल अपने हाथ में ले लिये थे। 2 साल बाद मिन्नतें करने और पुलिस में शिकायत करने की बात कहने पर 3,00,000 रूपए नगद अमित खम्परिया ने दिए और कहा कि थोडे दिन और रुकना पड़ेगा। ऐसा करते-करते लगभग 3 साल हो गए तो अमित खम्परिया ने 20 लाख रूपए का चेक दिया। बैंक में चेक लगाया तो वह बाउंस हो गया। अमित की आपराधिक प्रवृत्ति का होने सें शिकायत करने से भी डरने लगा था। बाद में हिम्मत कर शिकायत की थी।

# वापस होंगे केंद्रों पर पहुंच रहे खराब वारदाने

**शिकायत मिलने पर जागा प्रशासन,राइस मिलर्स को दिए निर्देश**

**नवभारत, जबलपुर।** धान उपार्जन शुरू होते ही कई राइस मिलर्स से बारदाने दिए जाते हैं, लेकिन जिले के कई केंद्रों पर खराब गुणवत्ता के बारदाने पहुंच रहे थे, इसको लेकर जिला प्रशासन ने सभी राइस मिलर्स को खराब बारदाने वापस करने निर्देश जारी किए हैं। जानकारी के अनुसार जिला प्रशासन को धान उपार्जन केन्द्रों पर खराब गुणवत्ता के



बारदाने प्रदाय किये जाने की शिकायतें मिल रही थी, जिसको गंभीरता से लेते हुए उन राईस मिलर्स के कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं, जिन्होंने खराब हालत के बारदाने उपार्जन केन्द्र को उपलब्ध करायें हैं।

**वारदाने पहुंचाने वाले मिलर पर होगी कार्यवाही**

कलेक्टर कार्यालय की खाद्य शाखा के प्रभारी अधिकारी एवं संयुक्त कलेक्टर ऋषभ जैन ने उपार्जन केन्द्रों को सही गुणवत्ता के बारदानों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए ऐसे राईस मिलर्स पर नियमानुसार कार्रवाई कर कलेक्टर कार्यालय को अवगत कराने के निर्देश भी दिये हैं जिनके द्वारा उपार्जन केन्द्र को खराब गुणवत्ता के बारदाने पहुंचाये गये हैं।

## पीएफ राशि नहीं हुई जमा, तीन बार नोटिस

**जबलपुर, नवभारत।** स्मार्ट सिटी लिमिटेड में आठ सालों से काम कर रहे संविदा कर्मचारियों के पीएफ की राशि को लेकर एक घोटाला सामने आया है। स्मार्ट सिटी ने इन कर्मचारियों का पीएफ जमा ही नहीं किया है, जबकि पीएफ जमा करने के लिए कई बार पीएफ कार्यालय अल्टीमेटम दे चुका है। मंगलवार को इस सिलसिल में पीएफ अफसर को स्मार्ट सिटी से बैरंग लौटा दिया गया है। पीएफ अधिकारी ने स्मार्ट सिटी को इस मामले में एक दिन का अल्टीमेटम दिया है। कर्मचारियों की भविष्य निधि के मामले में मंगलवार को ईपीएफ कार्यालय से ईपीएफ इंस्पेक्टर हरीश सलूजा स्मार्ट सिटी कार्यालय पहुंचे थे। निरीक्षण में आवश्यक अभिलेख एवं दस्तावेज उपलब्ध कराने में टालमटोली होती रही। सूत्रों का कहना है कि जबलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड से मांगे गए दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए केवल एक दिवस का समय प्रदान किया गया है। स्मार्ट सिटी लिमिटेड में 8 सालों से काम कर रहे संविदा कर्मचारियों के पीएफ की राशि भविष्य निधि में जमा ही नहीं किया है, जबकि पीएफ जमा करने के लिए कई बार पीएफ कार्यालय अल्टीमेटम दे चुका है। जबलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड को 22 अगस्त, 25 सितंबर एवं 10 अक्टूबर 2025 को क्रमश: तीन कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे। तीन नोटिस के बाद भी स्मार्ट सिटी से कोई जवाब-तलब नहीं किया गया था।

# आर्मी मैन का हंगामा, पिस्तौल लोड कर पत्नी को धमकाया

**बिलहरी का मामला सीसीटीवी कैमरे में कैद**

**जबलपुर।** गोराबाजार थाना अंतर्गत बिलहरी मंडला रोड सुदर्शन चौक में आर्मी मैन ने जमकर हंगामा मचाया। पिस्तौल लोड कर पत्नी को धमकाने के साथ घर में घुसने की कोशिश की। पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि भाग्यश्री यादव निवासी बिलहरी मंडला रोड सुदर्शन चौक ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह मां श्रीमति सीता यादव बहन राजश्री यादव, भाई जयकुमार यादव एवं अपने दो बच्चे निकिता कुमारी 10 वर्ष और अनिकेत सिह 9 वर्ष के साथ रहती है। पति राजपाल सिह पिता स्व. बाबूलाल सिह 43 वर्ष निवासी ग्राम बिलारा थाना सादाबाद जिला हाथरस यूपी जो कि सेना में 21 ग्रिड बैरागढ भोपाल में नायब सूबेदार जेसीओ के पद पर कार्यरत है। जिनसे उसकी शादी 2012 में प्रेम विवाह हुआ था जिससे दो बच्चे एक लडकी निकिता कुमारी, एक लडका अनिकेत है। शादी के बाद से पति लडाई झगडा कर मारपीट करते थे जिससे परेशान होकर साल 2020 में अपने मायके अपने बच्चों के साथ आकर रहने लगी। सुबह 9:15 बजे पति राजपाल घर के बाहर गेट के पास आकर आवाज देते हुये चीखने चिल्लाने लगे। जबरदस्ती बाउन्ड्री कूदकर अंदर आने का प्रयास करने लगे तो उसने रोकने का प्रयास किया तो पिस्तौल निकालकर उसे लोड किया और बाउन्ड्री कूदकर अंदर आने का प्रयास करने लगा और धमकी देने लगा कि जान से खत्म कर दूंगा। पूरी घटना घर में लगे सीसीटीव्ही कैमरे में रिकार्ड हुई है।

# बच्चों की पढ़ाई में मिली लापरवाही, डीईओ ने लगाई फटकार

**मझौली के विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण, शिक्षकों को दिया कारण बताओ नोटिस**

**जबलपुर।** जिले में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के उद्देश्य से जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी द्वारा मझौली विकासखंड के शासकीय उमावि पोला एवं शासकीय कन्या उमावि मझौली पहुंचे और औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शासकीय कन्या उमावि पोला में शैक्षणिक व्यवस्थाएं संतोषजनक नहीं पाई गईं। जिसको लेकर डीईओ ने जराजगी व्यक्त करते हुए लापरवाही करने वाले शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने निर्देश दिए। जानकारी के अनुसार निरीक्षण में डीईओ ने देखा कि




शिक्षकों द्वारा गुणवत्तापूर्ण अध्यापन नहीं कराया जा रहा था, वन लाइनर प्रश्नों का प्रयोग नहीं किया जा रहा था तथा शिक्षक बच्चों को पढ़ाने के प्रति असंवेदनशील नजर आए। इसके अलावा विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य द्वारा शिक्षकों की अकादमिक गतिविधियों का नियमित निरीक्षण भी नहीं किया जा रहा था ।शासकीय कन्या उमावि मझौली के निरीक्षण के दौरान डीईओ ने सभी शिक्षकों को पढ़ाई में गति और गुणवत्ता लाने के स्पष्ट निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सहायक संचालक एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी मझौली अतुल चौधरी भी उपस्थित रहे।

**समस्त शिक्षकों को दो वेतन वृद्धि रोकने नोटिस**

शैक्षणिक लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य सहित समस्त शिक्षकों को दो वेतन वृद्धि रोकने संबंधी कारण बताओ नोटिस जारी किया। उन्होंने कहा कि बच्चों की पढ़ाई योजनाबद्ध तरीके से कराई जाए तथा प्रत्येक छात्र का संपूर्ण शैक्षणिक डेटा शिक्षकों के पास उपलब्ध हो, ताकि हर बच्चे पर सतत निगरानी रखी जा सके। डीईओ ने तैयार योजना को क्रियान्वित कर परिणाम दिखाने के निर्देश भी दिए।

**प्रतिबंध के बाद हो रहा था गाइड का प्रयोग**

डीईओ ने पाया कि शिक्षकों द्वारा पढ़ाई में गाइड का उपयोग किया जा रहा है, जबकि जिले के सभी विद्यालयों में इस पर स्पष्ट प्रतिबंध लगाया गया है। कई शिक्षक अपने द्वारा पढ़ाई जाने वाली विषयवस्तु तक स्पष्ट नहीं कर पाए, जिससे बच्चों के सीखने पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था।

**इनका कहना है**

शिक्षा की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। प्राचार्य और शिक्षक यदि अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन नहीं करेंगे, तो उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**घनश्याम सोनी**
**जिला शिक्षा अधिकारी**

# रेत कारोबारी हत्याकांड शूटरों समेत तीन गए जेल

**अस्सू पुलिस गिरफ्त से दूर, छापेमारी जारी**

जबलपुर। खितौला थाना क्षेत्र में गुरूवार दोपहर डेढ़ बजे फिल्मी स्टाइल में दो बदमाशों ने दिनदहाड़े रेत कारोबारी की गोली मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने दो शूटरों समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद जेल भेज दिया है। जबकि हत्या कराने वाला अस्सू अब भी पुलिस गिरफ्त से दूर है। विदित हो कि धमेन्द्र सिंह ठाकुर (चिंटू) पिता रणजीत सिंह ठाकुर 42 वर्ष निवासी वार्ड नं. 17 का रेत कारोबारी था। 11 नवम्बर को दोपहर वे अपनी मोटर सायकिल से बारीबहु स्टेडियम से खितौला बाजार जाने के लिए निकला था सिहोरा-खितौला रोड पर दोपहर डेढ़ बजे मोटर सायकिल से दो बदमाश पहुंचे उसे घेरकर गिरा दिया इसके बाद दनादन तीन गोलियां दागकर उसकी हत्या कर दी थी। विरोध में परिजनों ने प्रदर्शन किया था। वारदात सीसीटीव्ही कैमरे में कैद हो गई थी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। पुलिस ने शेखर बर्मन पिता रवि बर्मन 22 वर्षीय निवासी सिहोरा, लवि तिवारी पिता सोम तिवारी 20 वर्षीय निवासी रीवा को गिरफ्तार किया था जिन्होंने दनदान फायरिंग की थी।


SPARK CONVENT SCHOOL
ADMISSION OPEN 2025-2026
सम्पर्क
Branch-1: New Kanchanpur, Near Neher, Adhartal, Jabalpur MP (Nursery to 8th)
Branch-2: Vatsala Hill View, Sainik Society, Shakti Nagar, Gupteshwar, Jabalpur MP (Nursery to 5th)
Ph. 0761-4923248, Mob. 9425868370

भवन निर्माण
₹ 1500/- वर्गफुट कंस्ट्रक्शन
माड्यूलर किचिन लेटबाथ स्टील रेलिंग बिजली पानी, मटेरियल सहित, कम्पलीट वर्क
संपर्क करे
कमलेश पटेल- मो.नं. 6260334877

नवभारत
आवश्यकता है
पद की योग्यता
देश के अनेक राज्यों से प्रकाशित नवभारत समाचार पत्र समूह के जबलपुर संस्करण के लिए निम्न पदों के लिए योग्य व्यक्तियों की आवश्यकता है।
एकाउंटेंट (बी.कॉम.व टेली एवं 2 वर्ष का अनुभव )
बिलिंग ऑपरेटर (एमआईएस एवं 5 वर्ष का अनुभव)
रिपोर्टर (महिला+ पुरुष) (2 वर्ष का अनुभव एवं बी.जे.सी एवं एम.जे.सी)
डीटीपी ऑपरेटर (5 वर्ष का अनुभव एवं कोरल ड्रा अनिवार्य)
रिकवरी एग्जीक्यूटिव (ग्रेजुएशन एवं 5 वर्ष का अनुभव)
संपर्क करें
कार्यालय- नवभारत प्रेस, चौथापुल, महर्षि स्कूल के सामने, जबलपुर
(दोपहर 12 से शाम 8 बजे तक )
9752721239, 8305852507
hr.navabharat1934@gmail.com


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा प्रेस कॉम्प्लेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharat.418@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RIN Reg No.1537/57